# वेदांता एल्युमिनियम और जिंक इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करेगी

**नई दिल्ली |** वेदांता लिमिटेड ओडिशा में एल्युमिनियम और राजस्थान में जिंक इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करेगी। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने बताया कि स्टार्टअप्स और एमएसएमई के लिए ये पार्क विकसित भूमि, आधुनिक अवसंरचना, यूटिलिटी और कच्चे माल की आपूर्ति करेगा। हमारा उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहित, नवाचार को बढ़ावा और टिकाऊ रोजगार सृजित करना है। एल्युमिनियम पार्क में 90 से अधिक डाउनस्ट्रीम उद्योग और उत्पादों के विकास की क्षमता है। राजस्थान का जिंक इंडस्ट्रियल पार्क वैल्यू-ऐडेड मैन्युफैक्चरिंग को गति देगा।